मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल–462004

क्रमांक एफ 1–7 / 2022 / 1 / 34 भोपाल, दिनांक 29/8/22

प्रति,

प्रमुख अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
म.प्र. भोपाल

विषयः– प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी अधिकारियों की दिनांक 01.04.2021 एवं दिनांक 01.04.2022 की स्थिति में पदक्रम सूची का प्रकाशन।

संदर्भः–1. आपका पत्र क्रमांक 569 / स्था / राज / प्र.अ. / लो.स्वा.यां.वि. / 2022, दिनांक 24.01.2022
2. विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक 09.03.2022
3. आपका पत्र क्रमांक 3278 / स्था / राज / प्र.अ. / लो.स्वा.यां.वि. / 2022, दिनांक 21.04.2022
4. विभाग समसंख्यक पत्र दिनांक 01.07.2022
5. आपका पत्र क्रमांक 5928 / स्था / राज / प्र.अ. / लो.स्वा.यां.वि. / 2022, दिनांक 18.07.2022

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रों का कृपया अवलोकन करने का कष्ट करें। **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी अधिकारियों की दिनांक 01.04.2021 एवं दिनांक 01.04.2022 की स्थिति में पदक्रम सूची की प्रतियॉ विभाग की बेवसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु संलग्न प्रेषित है।**

2/– उल्लेखनीय है कि आपके संदर्भित पत्र दिनांक 24.01.2022 द्वारा दिनांक 01.04.2021 की स्थिति में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी अधिकारियों की पदक्रम सूची के प्रकाशन के प्रस्ताव में से **सहायक यंत्री (सिविल)** के पदक्रम सूची का पुनः परीक्षण कर, पृच्छानुसार विसंगतियों को सुधार कर पुनः पदक्रम सूची उपलब्ध कराने हेतु संदर्भित पत्र दिनांक 09.03.2022 द्वारा लेख किया गया था।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में आपने संदर्भित पत्र दिनांक 21.04.2022 द्वारा **सहायक यंत्री (सिविल)** की दिनांक 01.04.2021 की स्थिति दर्शाने वाली संशोधित पदक्रम सूची उपलब्ध कराई गई ।

3/– तदोपरांत संदर्भित पत्र दिनांक 01.07.2022 से प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी अधिकारियों की पदक्रम सूची में संशोधन प्रस्तावित हो तो पदक्रम सूची वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 का प्रारूप प्रकाशन की कार्यवाही हेतु लेख किया गया ।

उक्त के अनुक्रम में आपके द्वारा संदर्भित पत्र दिनांक 18.07.2022 से प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता (सिविल / वि.या.), अधीक्षण यंत्री (सिविल / वि.या.), कार्यपालन यंत्री (सिविल / वि.या.) एवं सहायक यंत्री (सिविल / वि.या.) की पदक्रम सूची दिनांक 01.04.2021 एवं दिनांक 01.04.2022 की स्थिति में प्रकाशन किए जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया।

निरंतर............2

4/— इस तरह आपके द्वारा प्रेषित प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों जिसमें प्रमुख अभियंता, मुख्य अभियंता (सिविल/वि.या.),अधीक्षण यंत्री (सिविल/वि.या.), कार्यपालन यंत्री (सिविल/वि.या.) एवं सहायक यंत्री (वि./यां.) की पदक्रम सूची वर्ष 2021 एवं 2022 का प्रकाशन करें। साथ ही **सहायक यंत्री (सिविल)** की पदक्रम सूची वर्ष 2018 के आधार पर वर्तमान में आपके द्वारा संशोधित करते हुए **सहायक यंत्री (सिविल)** की पदक्रम सूची वर्ष 2021 एवं 2022 का भी प्रकाशन करें।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2018 में प्रकाशित **सहायक यंत्री (सिविल)** जिसमें पदोन्नति आदेश से पदोन्नत सहायक यंत्रियों को पदक्रम सूची के सरल क्रमांक 127 से 145 में रखा गया था, जिन्हें वर्ष 2019 की पदक्रम सूची में सरल क्रमांक 125 से 143 एवं वर्ष 2020 की पदक्रम सूची में सरल क्रमांक 121 से 139 में रखा जाना चाहिए था, में भी अनुमोदन प्राप्त किया गया है।

3/— कृपया उक्त दोनों वर्षों क्रमशः 2021 एवं 2022 की पदक्रम सूची को विभाग की बेवसाईट पर अपलोड कर, उनकी 5—5 प्रतियॉ शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

कृपया इसे प्राथमिकता दें।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार।

(राकेश कुशरे) 29/8/22
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग